**PRINTED MATTER/PRINTING BOOK CLAUSE 121 (A) P & T GUIDE**

## *Request to Writersm*

Send quality original and unpublished works written on language, literature, society, science and culture. For publication, along with the translated works, also send the letters of consent received from the original authors. Compositions should be typed in Hindi Unicode Mangal font, English Time Roman. At the beginning of the article, a summary of the article is required which should be between 150 to 200 words maximum. The abstract must reflect the purpose of writing the article. Also write 5 to 7 'key words' (seed words) according to the article.

Write the article by dividing it appropriately into subheadings. Be sure to give a conclusion at the end of the article. The word limit should be 2000 to 2500 words. List of bibliographies at the end of the article APA Be in the format of. While sending the article, please write your name, address, phone number and title of the article in the e-mail. Submit a declaration to the effect that the article is original, unpublished, the author and not the editorial board will be responsible for any dispute related to it in future.

---

## लेखकों से निवेदन

भाषा, साहित्य, समाज, विज्ञान एवं संस्कृति पर लिखी गयी स्तरीय मौलिक तथा अप्रकाशित रचनाएं भेजें। प्राकशनार्थ अनूदित रचनाओं के साथ मूल लेखकों से प्राप्त सहमति पत्र भी भेजें। रचनाएँ हिंदी यूनिकोड मंगल फान्ट अंग्रेजी टाइम रोमन में टंकित होनी चाहिए। लेख के प्रारंभ में लेख का सार अपेक्षित है जो अधिकतम 150से 200 शब्दों के मध्य हो। सार में लेख लिखने का उद्देश्य अवश्य परिलक्षित होना चाहिए। लेख के अनुरूप 5 से 7 ( की वर्ड ) ( बीज शब्द ) भी लिखें। लेख को यथोचित उपशीर्षकों में विभाजित करके लिखें। लेख के अंत में निष्कर्ष अवश्य दें। शब्द सीमा 2000 से 2500 शब्दों की हो। आलेख के अंत में संदर्भ ग्रंथों की सूची ए.पी.ए. के प्रारूप में हो। लेख भेजते समय अपने नाम, पता, फोन नंबर एवं लेख का शीर्षक ई-मेल में अवश्य लिखें। इस आशय का एक घोषणा-पत्र प्रस्तुत कर दें कि लेख मौलिक है, अप्रकाशित है, भविष्य में इससे संबंधित किसी भी विवाद के लिए लेखक उत्तरदायी होंगे संपादक मंडल नहीं।

रचना के अंत में अपना पूरा डाक पता, मोबाइल नंबर और ई-मेल पता अंकित करें।

*-संपादक*

प्रकाशित पत्रिका प्राप्त करने के लिए संपर्क करे :

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गुगनराम सोसायटी (रजि.) के लिए डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट ने सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094 से छपवाकर गीना प्रकाशन, 202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड, भिवानी-127021 (हरियाणा) से वितरित की।

ISSN : 2394-6458

RESEARCH JOURNAL OF MEEMANSA January-June : 2026 Dr. Lata S. Patil, Dr. Naresh Sihag

चौधरी गिरधारीलाल घासीराम सिहाग शोधपीठ
द्वारा भारत-नेपाल से प्रसारित

ISSN 2394-6458

# RESEARCH JOURNAL OF MEEMANSA

**AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REREREED MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES HALFYEARLY RESEARCH JOURNAL**

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

**Vol. : 11, Issue : 1** **January to June : 2026**

Editor-in-Chief
Dr. Lata S. Patil

Editor :
Dr. Naresh Sihag
Advocate



https://doi.org/10.5281/zenodo.18964464

गुगनराम एजुकेशनल एण्ड सोशल वैलफेयर सोसायटी (रजि.) द्वारा प्रकाशित



संस्थापक संपादक
स्व. फतेहचंद

# RESEACH JOURNAL OF MEEMANSA

# रिसर्च जर्नल ऑफ मीमांसा (छमाही)

**AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REREREED MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES HALFYEARLY RESEARCH JOURNAL**

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

वर्ष-11, अंक-1 जनवरी-जून 2026 आईएसएसएन : 2394-6458

प्रधान संपादक
- डॉ. लता एस. पाटिल

संपादक
- डॉ. नरेश सिहाग 'बोहल' एडवोकेट

कार्यकारी संपादक
- डॉ. वर्षा रानी

प्रबंध संपादक
- जयबीर लांग्यान

अक्षर संयोजन
- मो. सलीम

कानूनी सलाहाकार
- डॉ. रामफल दलाल, एडवोकेट
- अजीत सिहाग, एडवोकेट

अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार सम्पादक मंडल

- आशीष कुमार, गाजियाबाद
- श्री राकेश शंकर भारती, युक्रेन
- डॉ. के.के. मल्होत्रा, कैनेडा
- डॉ. कुमारी लक्ष्मी जोशी
- डॉ. निशीथ गौड, आगरा
- डॉ. अम्बिका अर्याल, नेपाल
- डॉ. डिल्लीराम शर्मा 'सङ्ग्रौलाको'
- डॉ. शिवकरण निमल
- डॉ. ऊषा रानी, शिमला
- डॉ. गोविन्द सोनी, श्रीगंगानगर
- डॉ. सुषमा रानी, जीन्द
- डॉ. मुदस्सिर अहमद भट्ट, श्रीनगर
- डॉ. दीपशिखा, पटियाला
- डॉ. कामिनी कौशल, गाजियाबाद

1. 'रिसर्च जर्नल मीमांसा' का प्रबंधन और संपादन पूर्णतः अवैतनिक है।
2. 'रिसर्च जर्नल मीमांसा' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार संबंधित लेखकों के अपने हैं। उनके प्रति वे स्वयं उत्तरदायी है।
3. पत्रिका से संबंधित प्रत्येक विवाद का न्याय क्षेत्र भिवानी न्यायालय ही मान्य होगा।
4. प्रकाशक/ स्वामी डॉ. नरेश सिहाग, एडवोकेट ने सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094 से मुद्रित करवाया।

'रिसर्च जर्नल मीमांसा' की सदस्यता का शुल्क भुगतान राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा सीधे ट्रांसफर या जमा किया जा सकता है। बैंक का विवरण निम्नानुसार है–**बैंक :** PUNJAB NATIONAL BANK **Branch :** Yamuna Vihar, Delhi-110053 **IFSC :** PUNB0225600 **Account Holder :** SANIA PUBLICATION **Current Account No.** 2256002100405546 भुगतान की मूल रसीद, शोध-पत्र पत्रिका की ई-मेल पर भेजना अनिवार्य है।

नोट :- इस अंक की प्रिंट कॉपी खरीदने के लिए सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094 से सम्पर्क करें मो. 9818128487

मूल्य : 650/- रु. एक प्रिंट प्रति वार्षिक 1500/- रु.

**Editorial Board Member**

- **Dr. Priyanka Ruwali**
  Dept. Of Sociology, D.S.B. Campus, Kumaun University, Nainital, Uttrakhand
- **Ashutosh Singh**
  Department of History, Kurukshetra University, Kurukshetra, Haryana
- **Mansi Sharma**
  ICSSR- Doctoral Fellow, Department of Political Science, University of Lucknow, U.P.
- **Kishor Kumar**
  Department of History, Kumaun University, Nainital, Uttarakhand.
- **Vivek Kumar**
  Research Scholar, Department of Medivial and Modern History, University of Lucknow, U.P.
- **Professor Chandrashekhar Singh**
  Department of Social Work, Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth, Varanasi, UP-221002, India
- **Mohit Kumar Sharma**
  Assistant Professor (Guest Faculty), "Department of History, "Kalindi College (NCWEB), University of Delhi, New Delhi
- **Dr. Piyush Kumar Dwivedi**
  Assistant professor of Hindi Department "Jagadguru Rambhadracharya Divyanga State University, Chitrakoot (Uttar Pradesh)
- **Dr Ritu Punia**
  University of Rajasthan, Jaipur, Department of History and Indian culture
- **Dr. Vaishali Mahesh Patil**
  Assistant Professor, Guru Nanak College of Education and Research Educational Complex, J.M. Road, Bhandup (W), Mumbai

**विषय विशेषज्ञ सलाहकार समिति/ संपादकीय मंडल :**

- **Dr. Mudita Popli**
  Principal, Maa Karni B Ed College Nal, Bikaner
- **Dr. Tapasya Chauhan,** Assistant Professor, Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra (Utter Pradesh)
- **Dr. AMBILI V. S.**
  Assistant Professor, Department of Hindi,
  N.S.S. College, Pandalam, Pathanamthitta Distt. University of Kerala.
- **Dr. Om Prakash Mehrara**
  Director, Shri Ramnarayan Dixit PG College, Srivijaynagar, Distt. Anupgarh (Rajasthan)
- **Dr. Anju Bala**
  Assistant Professor Hindi, Guru Nanak Girls College, Yamunanagar-135001
- **Dr (Smt.) Manjulata Kashyap**
  Professor (Economics),Govt.t.c.l.p.g.college Janjgir, Chhattisgarh
- **Dr. Sunita Sarswat**
  Assistant professor, Singhania university, Pacheri badi jhunjhunu.
- **Akanksha**
  (Dr. B.R. Ambedkar University Delhi, Delhi)

- **PRINCE KUMAR**
  UGC NET-JRF, History, Senior Researcher, University History Department, B.r.a.bihar University Muzaffarpur, Bihar
- **Dr. Vimal Parmar**
  Assistant Prof. Rajasthan P.G. Law College, Chirawa , Rajasthan
- Dr. Rekha
  Assistant Professor, Shri shankarlal sundarbai Shasun Jain College for Women, Bus Stand, No: 3, Madley Rd, near T.Nagar, near Mambalam Railway Station, T. Nagar, Chennai, Tamil Nadu- 600017
- **Dr. Harpreet Kaur**
  Assistant professor"Doraha. College of Education, Doraha.
- **Mr. Sagar Gopal Rathod**
  Assistant professor, School of Social Science, Punyashlok Ahilyadevi Holkar Solapur University, Maharashtra.
- **Subhash chandra verma**
  Assi. Professor (hindi ), Govt. College rajgarh, churu (raj.)
- **VIDWAN. MANJESH. M**
  Full Time Guest Lecturer, Department of Studies and Research in Sanskrit, Jnanabharati Campus Bangalore University, Bangalore -56
- **Dr Atul Kumar Gautam**
  Former Assistant Professor at Central University of Jharkhand
- **Dr. Atul Chand**
  Hod Defence & Strategic Studies/ ex Principal in-charge "Government Degree college Baluwakote Pithoragarh "Uttarakhand
- **डॉ. श्रीमती अभिलाषा सैनी**
  प्राचार्य, स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय, मोपका, जिला-बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़
- **डॉ. अम्बिका अर्याल,** नेपाली भाषा विभाग पद्मकन्या मल्टीपल कैम्पस बागबाजार, काठमांडू
- **डॉ. डिल्लीराम शर्मा 'सङ्ग्रौलाको'** अध्यक्ष हिंदी विभाग, पद्मकन्या मल्टीपल कैम्पस बागबाजार, काठमांडू
- **शाहज़ीन शुएब अफ़सर,** जर्नादन राय नागर, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान
- **प्रोफेसर डॉ. अजयपाल सिंह,** अध्यक्ष हिंदी विभाग, देश भगत विश्वविद्यालय, मंडी, गोबिंदगढ़, पंजाब
- **डॉ. शिवकरण निमल,** असि. प्रोफेसर पॉलिटिकल साइंस, एसपीसी गर्वनमेंट कॉलेज, भीम राजसमंद, राजस्थान
- **डॉ. माया गोला,** असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा (उत्तराखंड)
- **डॉ. मोहित शर्मा**
  श्री सर्वेश्वर संस्कृत महाविद्यालय, निम्बार्क तीर्थ किशनगढ़, जिला अजमेर (राजस्थान)-305815
- **रजनी प्रिया**
  राँगाटाँड़ रेलवे कॉलोनी, क्वार्टर सं. 502/136, तरुण संघ क्लब दुर्गा मंदिर, धनबाद, लैण्डमार्क - नियर श्रमिक चौक, पोस्ट जिला-धनबाद, झारखंड-826001
- **डॉ. सरिता भवानी मालवीय**
  असिस्टेंट प्रोफेसर, फैकल्टी ऑफ लॉ.,
  आर.के.डी.एफ. विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्यप्रदेश)

## *Request to Writers*

Send quality original and unpublished works written on language, literature, society, science and culture. For publication, along with the translated works, also send the letters of consent received from the original authors. Compositions should be typed in Hindi Unicode Mangal font, English Time Roman. At the beginning of the article, a summary of the article is required which should be between 150 to 200 words maximum. The abstract must reflect the purpose of writing the article. Also write 5 to 7 'key words' (seed words) according to the article.

Write the article by dividing it appropriately into subheadings. Be sure to give a conclusion at the end of the article. The word limit should be 2000 to 2500 words. List of bibliographies at the end of the article APA Be in the format of. While sending the article, please write your name, address, phone number and title of the article in the e-mail. Submit a declaration to the effect that the article is original, unpublished, the author and not the editorial board will be responsible for any dispute related to it in future.

At the end of the composition, mention your complete postal address, mobile number and e-mail address.

***- Editor***

## लेखकों से निवेदन

भाषा, साहित्य, समाज, विज्ञान एवं संस्कृति पर लिखी गयी स्तरीय मौलिक तथा अप्रकाशित रचनाएं भेजें। प्रकाशनार्थ अनूदित रचनाओं के साथ मूल लेखकों से प्राप्त सहमति पत्र भी भेजें। रचनाएँ हिंदी यूनिकोड मंगल फान्ट अंग्रेजी टाइम रोमन में टंकित होनी चाहिए। लेख के प्रारंभ में लेख का सार अपेक्षित है जो अधिकतम 150 से 200 शब्दों के मध्य हो। सार में लेख लिखने का उद्देश्य अवश्य परिलक्षित होना चाहिए। लेख के अनुरूप 5 से 7 (की वर्ड) (बीज शब्द) भी लिखें। लेख को यथोचित उपशीर्षकों में विभाजित करके लिखें। लेख के अंत में निष्कर्ष अवश्य दें। शब्द सीमा 2000 से 2500 शब्दों की हो। आलेख के अंत में संदर्भ ग्रंथों की सूची ए.पी.ए. के प्रारूप में हो। लेख भेजते समय अपने नाम, पता, फोन नंबर एवं लेख का शीर्षक ई-मेल में अवश्य लिखें। इस आशय का एक घोषणा-पत्र प्रस्तुत कर दें कि लेख मौलिक है, अप्रकाशित है, भविष्य में इससे संबंधित किसी भी विवाद के लिए लेखक उत्तरदायी होंगे संपादक मंडल नहीं।

रचना के अंत में अपना पूरा डाक पता, मोबाइल नंबर और ई-मेल पता अंकित करें।

**-संपादक**

प्रकाशित पत्रिका प्राप्त करने के लिए संपर्क करे :

**सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094**

**मोबाइल : 9818128487, 8383042929**

**NATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE COMMUNICATION AND INFORMATION RESOURCES**

**(Council of Scientific and Industrial Research)**

**14, Satsang Vihar Marg, New Delhi 110 067**

निस्केयर
NISCAIR

ISSN INTERNATIONAL STANDARD SERIAL NUMBER INDIA

G. Mahesh, Ph.D.
Head, National Science Library
Phone: 91-11-26863759
E-mail: gmahesh@niscair.res.in website: http://nsl.niscair.res.in

**NSL/ISSN/INF/2015/67** **Dated: January 8, 2015**

Dear Sir/Madam,

We are happy to inform you that the following serial(s) published by you has been registered and assigned ISSN (Print)

ISSN 2394- 6458 Research Journal of Meemansa

It is important that the ISSN should be printed on every issue preferably at the right hand top corner of the cover page.

We will be responsible for monitoring the use of ISSN assigned to Indian Serials and for supplying up to-date data of the same to the International Centre for ISSN, Paris. For this purpose we request you to send us the forth coming issue of your serial on complimentary basis.

We solicit your co-operation in this regard.

Yours sincerely,

(G. Mahesh)
Head
National Science Library and ISSN

# संपादकीय

प्रिय पाठको,

आप सभी का हमारी इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ मीमांसा पत्रिका के नवीनतम अंक में स्वागत है। यह अंक प्रस्तुत करते हुए अत्यंत गर्व महसूस हो रहा हैं क्योंकि यह अंक समकालीन शोध और अकादमिक चर्चा के विभिन्न पहलुओं को उजागर करता है।

हमारी पत्रिका का उद्देश्य हमेशा से ही गहन शोध, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना रहा है। इस अंक में भी, हमने कई महत्त्वपूर्ण शोध आलेखों और समालोचनाओं को शामिल किया है। जो न केवल विभिन्न विषयों की गहन जांच करते हैं, बल्कि नई दृष्टियों और विचारधाराओं को भी प्रस्तुत करते हैं।

आज के तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में, शोध और अकादमिक अध्ययन की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। यह न केवल ज्ञान के विस्तार का माध्यम है, बल्कि यह समाज की प्रगति और विकास का भी एक प्रमुख स्तंभ है। इस संदर्भ में, हमारे शोधकर्ताओं और विद्वानों के प्रयासों की सराहना करना आवश्यक है। जिन्होंने अपने अनुसंधान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया है।


इस अंक में, आप साहित्य, कला, मानविकी, सामाजिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, पर्यावरण, गणित, विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान, कानून और कई अन्य क्षेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण शोध पत्र पढ़ पाएंगे। प्रत्येक लेख एक विशेष दृष्टिकोण और अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। जिससे पाठकों को वर्तमान अनुसंधान प्रवृत्तियों और उनके संभावित प्रभावों की बेहतर समझ मिलती है।

हमारा संपादकीय दल हमेशा यह सुनिश्चित करता है कि हमारे पाठकों को सर्वोत्तम और सबसे अद्यतन जानकारी प्राप्त हो। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, हम विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों और समीक्षकों से निरंतर संवाद करते रहते हैं, ताकि हमारी पत्रिका की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनी रहे।

हम अपने लेखकों और समीक्षकों को उनकी निरंतर मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देते हैं। उनके अथक प्रयासों के बिना, इस अंक की कल्पना करना भी संभव नहीं था। साथ ही, हम अपने पाठकों का भी धन्यवाद करते हैं। जिनका निरंतर समर्थन और प्रतिक्रिया हमें नित नए अनुसंधान कि ओर प्रेरित करती है।

सादर,

मुख्य संपादक



**डॉ. लता एस. पाटिल**

# विषयानुक्रमणिका

**संपादकीय** 6

बदलते सामाजिक मूल्य: वैश्वीकरण के दौर में ग्रामीण लोक परंपराओं और आधुनिकता का मेल 8
**डॉ. अन्जनी कुमार**

हिंदी आलोचना और समाजशास्त्रीय अध्ययन 16
**स्नेहा टी. एस.**
**डॉ. सुनीता गोपालकृष्णन**

नासिरा शर्मा के कथा साहित्य में नारी का भावनात्मक पक्ष 19
**के. एम. वेंकटेशप्पा**

अभिमन्यु अनत कृत 'जम गया सूरज' उपन्यास में चित्रित प्रवासी युवा लालमन का जीवन 22
**वि. अमुधा**

भारत की दक्षिण एशिया नीति : एक ऐतिहासिक एवं समकालीन विश्लेषण 25
**Manpreet Kour**

बाल उत्पीडन 'आपका बंटी' उपन्यास के विशेष संदर्भ में 31
**डॉ. पीयूष कुमार द्विवेदी**
**अनीषा देवी**

https://doi.org/10.5281/zenodo.18964464 RESEACH JOURNAL OF MEEMANSA ISSN : 2394-6458
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Halfyearly Research Journal

# अभिमन्यु अनत कृत 'जम गया सूरज' उपन्यास में चित्रित प्रवासी युवा लालमन का जीवन

**वि. अमुधा**
सहायक प्राध्यापक,
हिंदी विभाग, वेल्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड स्टडीज (विस्टास) पल्लावरम, चेन्नई
E mail: amudhav.hindi@vistas.ac.in, Mobile: 9840824531

**सारांश**

'प्रवासी युवा' का अर्थ है 'विदेशों में रहने वाले युवा' या 'विदेशों में बस गए युवा'। यह शब्द उन युवा भारतीयों को संदर्भित करता है जो अपनी मातृभूमि से बाहर किसी दूसरे देश में रहते हैं, और जिनकी जड़ें भारतीय हैं। प्रवासी युवा अपने कार्यों के द्वारा भारत ओर अपने प्रवासी देश के बीच एक सेतु बनते हैं। प्रवासी भारतीय विदेश जाकर अपनी संस्कृति, भाषा, परंपरा को बनाए रखते हैं। प्रवासी भारतीय लोग अपनी पहचान, त्योहार (जैसे होली, दीवाली), भाषा (हिन्दी, भोजपुरी), कला(नृत्य, गायन) को नई जगह अपनाकर एक नई पहचान बनाए रखने की कोशिश करते हैं। ये प्रवासी लोग अपने पारिवारिक मूल्यों को अपने आनेवाले पीढी तक पहुँचाते हैं। मारिशस के प्रवासी हिंदी साहित्यकार अपने रचनाओं के द्वारा वहा के प्रवासी भारतीय जीवन, संस्कृति और समस्याओं को यथार्थपूर्वक दर्शाया है।

**बीज शब्द**- प्रवासी, आंदोलन, समाज, खेती, पढाई।

**प्रस्तावना**

'जम गया सूरज'(1973) एक सामाजिक उपन्यास है, जिसे 1973 ई में सूर्या प्रकाशन, राजस्थान से प्रकाशित हुआ। इसमें अनत जी ने स्वतंत्र्योत्तर मॉरिशस के अप्रवासी भारतीय मज़दूरों की आर्थिक स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला है। इस उपन्यास में तेईस साल का लालमन एक महत्वपूर्ण युवा पात्र है। लालमन एक प्रवासी भारतीय युवा है जो मॉरिशस में रहता है और उसको अपनी भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का विशिष्ट ज्ञान है। वह एक संवेदनशील, पढ़ा-लिखा और विचारशील युवक है। वह अपने समय की राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल को बहुत गहराई से महसूस करता है। उसमें नई सोच है, लेकिन साथ ही वह परंपराओं और जड़ों से भी जुड़ा है। उसके भीतर एक प्रकार का आदर्शवाद और विद्रोह दोनों मिलते हैं—वह अन्याय और भेदभाव को स्वीकार नहीं करता। उसका संघर्ष भरी जीवन, तनाव से जूझनेवाले एक आम मध्यम वर्गीय युवा की भांति चित्रित किया गया है। इस कहानी एक यथार्थ भावभूमि पर हुआ है। लालमन जीवन के मूल्यों का पालन करता है। इसे सिद्ध करने के लिए उपन्यास में कई घटनाएँ चित्रित है। एक प्रवासी युवक के तौर पर उसकी चारित्रिक विशेषताओं को 'जम गया सूरज' उपन्यास में चित्रित संदर्भों के माध्यम से उद्‌दृत है।

**प्रकृति प्रेमी**

लालमन एक प्रकृति प्रेमी है। लालमन मॉरिशस के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए बडा योगदान देता है। वह अपने खेत में अडिग परिश्रम करता है, जिसे वह पूरा मन लगाकर करता है। अगर उसे खाली समय मिला तो समुद्रतट जाकर वहाँ के लहरों को चट्टानों पर टकराते देखकर बहुत आनंद महसूस करता था। वह हमेशा समंदर के बारे में ऐसा सोचता है कि "आकाश का वह नीलापन भी कुछ अधिक ही गहरा था जिससे समुद्र का रंग भी काफी चटकीला था।"[1] वह समुद्र के लहरों को निहारकर अपना थकान को भूल जाता है। उसकी सुंदरता में मुग्ध होकर कभी-लभी कविताएँ भी लिखता है।

**कड़ी मेहनत का प्रतीक**

इतिहास में यहूदियों बालू में खेती कर सकते हैं, तो लालमन चट्टान पर खेती करनी की बात ठान लेता है। कुम्हडे, तुरई, कद्दू, चिंचडा आदि सब्जियाँ उगाता था। खेतीहर का काम बहुत लगन के साथ करता था। गाँव के लोग कहते थे कि लालमन रात का समय भी खेत में काम किया करता था। लालमन हमेशा कहता है कि "आदमी का अपने लिए एक निर्धारित रास्ता होना चाहिए।"[2] उसे यही उम्मेद थी कि अपने अडिग परिश्रम से अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

**फिल्मी गाने का शौकीन**

लालमन को हिन्दी फिल्मी गाने सुनने का शौक था। वह अपने थकान को मिटाने के लिए फिल्म गाने का सहारा लेता था। गीत गुनगुनाने पर लालमन के पिता जी उसे हमेशा डाँटते थे। पर यही गाने उसके एकाकीपन का अच्छा साथी था। वह पैसा कमाकर एक ट्रांसिस्टर खरीदना चाहता था।

**पढ़ाई**

लालमन चौथी कक्षा तक अंग्रेजी और फ्रेंच की पढ़ाई की थी। हिंदी की पढाई वह हमेशा जारी रखा। हिन्दी के साथ उसे बहुत लगाव था और वह हमेशा उसे खेतों में काम करना ही पसंद करता था। उसे खेती के मेहनत से आए थकावट और पसीना ही अच्छा लगा। खेत में भी हिन्दी किताबें लेकर जाता था। खेती के बीच में समय मिले तो वह हिन्दी कविताएँ ज्यादा पढ़ता था। अनत जी लालमन के काम के बारे में ऐसा वर्णन करते हैं, "उसकी अपनी नजरों में खेतों के काम से अच्छा कोई भी दूसरा काम नहीं था।"[3] वह हमेशा सोचता कि कृषि कार्य से ही लोगों को भोजन और अन्य उत्पाद पहुँचती है।

**पारिवार के साथ जुडाव**

लालमान हमेशा अपने परिवार को मुख्यता देता था। अपनी दोनों बहनें- प्रभा और छाया को बहुत प्यार करता था। अपनी माँ राधिका और पिता चंदन को बहुत आदर करता था। अपने पिताजी के आज्ञा बिना कोई काम नहीं करता था। पूरे दिन खेत में काम करने के बाद शाम को लालमन घर लौटता है। रात का खाना होने के बाद चंदन सबको कहानियाँ सुनाया करता था। कभी-कभी वह भारत से आए अपनी संघर्ष भरी दिनों की कहानियाँ सुनाता था। अनत जी उपने उपन्यास में चंदन का पात्र को ऐसे दर्शाते हैं, "उसकी सभी कहानियों में कोई-न-कोई राक्षस या कोई परी अवश्य होती थी. सभी में दुख और संघर्ष के बाद अंत में सुख और खुशी होती."[4] इन सभी कहानियों को सुनने के बाद लालमन यही मानता है कि सभी बुराइयों को करने वाले वे राक्षस ही होते होंगे और सभी अच्छाइयाँ परिया ही करती होंगी। लालमान की माँ हमेशा उससे उसके पिता के संघर्ष की बातें करती थी और कहती कि "इस घर में कभी कुछ भी नहीं था और आज बहुत कुछ है और इन सभी बातों के पीछे संघर्ष, लगन और परिश्रम की एक लंबी कहानी थी"[5] लालमन को खूब पता है कि आज की जिंदगी जो जी रहा है वह अपने पिताजी के कडी परिश्रम की बदौलत है। वह कभी भी यह बात नहीं भूलता कि मॉरिश की समृद्धि में अपने पूरवजों की खून-पसीने का वरदान है।

## मित्रता

लालमन के अधिक मित्र नहीं थे। शनिवार के दिन वह जब खेत से जल्दी लौटता तो अपने इने-गिने मित्रों के साथ बिताता था। गाँव में लालमन का करीबी दोस्त था धरमेन। वह शहर में रहकर कॉलेज में पढता था। हर रविवार जब धरमेन गाँव आता है तो वह कंधे में बंदूक लटकाए खरगोश के शिकार को निकलता था। ऐसे अवसरों पर धरमेन अवश्य लालमन से बातें होती और समय-समय पर उनकी घनिष्ठता बढती गई।

## मजदूर यूनियन की जिम्मेदारी

धरमेन ऊँचे खानदान से होने के बावजूद हमेशा मजदूर यूनियन बनाकर उनके हक के लिए लडना चाहता था। वह इस सिलसिले में मजदूरों को जाकर हर जगह मिलता था। उनके कई समस्याओं का हल पाना चाहता था। मजदूरों को इन अमीर मालिको की पकड छुडाना चाहता था। वह अपने दोस्त लालमन को भी इस आंदोलन में भागीदार बनाना चाहता था। पर लालमन अपने खेत में बहुत व्यस्त रहता था। अचानक एक दिन धरमेन एक गंभीर बीमारी के कारण बिस्तर पकड लेता है। एक दिन धरामेन लालमन से मजदूर आंदोलन के बारे में कहता है "यूनियन की जिम्मेदारी तुम्हें अपने ऊपर लेनी होगी" इस हालत में वह लालमन को बुलाकर उसे मजदूर यूनियन का नेतृत्व करने का वादा लेता है। धरमेन की इच्छा को पूती करने के लिए लालमन मजदूर यूनियन का नेता बनने का जिम्मेदारी उठाता है। मजदूरों के माँगों के संबंध में लालमन उनके लिए एक प्रदर्शन करना चाहता था। वहाँ के मंत्री से भी लालमन की मुलाकात हुई। प्रदर्शन भी बहुत सफल हुई। लालमन को अपने दोस्त धरमन की ख्वाइश को पूरी करने में बहुत खुश हुई।

**प्यार :** लालमन अपने गाँव के भामा को बहुत प्यार करता था। पर भामा के पिता ने लालमन को नीच जाति कहकर अपनी बेटी को किसी अन्य जगह शादी कर दी। प्रवासी समाज में प्रचलित सामाजिक व्यवस्था से लालमन बहुत दुखी हो जाता है। लालमन के खेत में काम करने के लिए सरस नामक लडकी आती है। सरस लालमन से उम्र में बडी होने पर भी उसकी सुंदर रूप से आकर्षित होता है। सरस को वह शादी करना चाहता था। इतने में भामा अपने ससुराल के लोगों से अपमानित होकर अपने मायके लौटत आत्ती है। जब लालमन सरस से शादी का प्रस्ताव रखता है तो वह कहती है कि उससे ज्यादा भामा को उसकी जरूरत है। अनत जी लालमन की मन की बात को ऐसे व्यक्त करते हैं- "लालमन और कुछ न समझकर केवल इतना समझ रहा था कि भामा को उसकी आवश्यकता थी जब कि उसे सरस की आवश्यकता थी।"[6]

**निष्कर्ष :** 'जम गया सूरज' उपन्यास में लालमन का किरदार उस पीढ़ी का प्रतीक है, जो मॉरिशस की आज़ादी के बाद नई राह तलाश रही थी लेकिन हकीकत की कठोरताओं से जूझ रही थी। संक्षेप में, अभिमन्यु अनत द्वारा रचित लालमन वह पात्र है जो संघर्ष, आदर्श और सवाल पूछने की जिज्ञासा का प्रतिनिधित्व करता है। लालमन अपने जीवन मूल्यों के द्वारा एक आदर्श युवक का भूमिका स्थापित करता है। लालमन न केवल एक परिश्रमी युवक है बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए मजदूर यूनियन का नेतृत्व भी बखूबी करता है।

## सन्दर्भ ग्रंथ सूची


1. अभिमन्यु अनत, डायमंड पाकट बुक्स(प्रा) लि. नई दिल्ली, 2002, पृ.10
2. अभिमन्यु अनत, डायमंड पाकट बुक्स(प्रा) लि. नई दिल्ली, 2002, पृ.13
3. अभिमन्यु अनत, डायमंड पाकट बुक्स(प्रा) लि. नई दिल्ली, 2002, पृ.20
4. अभिमन्यु अनत, डायमंड पाकट बुक्स(प्रा) लि. नई दिल्ली, 2002, पृ.19
5. अभिमन्यु अनत, डायमंड पाकट बुक्स(प्रा) लि. नई दिल्ली, 2002, पृ.122
6. अभिमन्यु अनत, डायमंड पाकट बुक्स(प्रा) लि. नई दिल्ली, 2002, पृ.187